**सतना-रीवा-बघवार-ब्यौहारी रेल लाईन का सर्वेक्षण**

3967. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या रेल मंत्री 22 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 213 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि सतना-रीवा-बघवार ब्यौहारी रेल लाईन का सर्वेक्षण कार्य कब पूरा किया गया था तथा इसकी अनुमानित लागत कितनी थी ।

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** सतना-रीवा-बघवार ब्यौहारी (122 कि. मी.) के लिए सर्वेक्षण 31-1-90 को पूरा हो गया था । उस समय परियोजना पर 101.59 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान लगाया गया था ।

**उत्तर प्रदेश में रेलवे परियोजनायें**

3968. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में उन रेलवे परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिन्हें सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया था किन्तु जो अभी तक पूरी नहीं हुई है ;

(ख) इनमें से प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है,

(ग) प्रत्येक परियोजना के पूरा हो की तारीख क्या-क्या है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है, और

(घ) किन-किन परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में शुरू किए जाने की संभावना है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) से (ग) वर्तमान स्थिति और अनुमानित लागत सहित प्रमुख परियोजनाएं नीचे दी गई हैं :—

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | वर्तमान स्थिति | अनुमानित लागत (करोड़ रुपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | गुना- इटावा नई बड़ी लाइन (348 कि. मी.) | गुना-शिवपुरी और ग्वालियर-पनिहर खंड पहले ही चालू कर दिये गये है, बिड़ला नगर-सनिचरा खंड प्रगति पर है । | 256 |
| 2. | छपरा-औंड़िहार का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन (171 कि. मी.) | 1991-92 के दौरान कार्य शुरू कर दिया गया है और यह प्रगति पर है । | 73.20 |
| 3. | उत्तर रेलवे पर माल गाड़ी परिचालन सूचना प्रणाली का कंप्यूरीकरण | प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिये गये हैं । | 320 |
| 4. | मुगलसराय रूट रिले अन्तर्पाक्षन | कार्य प्रगति पर है । | 23.01 |
| 5. | दिल्ली-मुगलसराय: चल रेडियो संचार के नियंत्रण के लिए गाड़ी | स्थल सर्वेक्षण पूरा हो गया है और उपस्कर इकट्ठे किये जा रहे हैं । | 15.35 |